@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Tuesday, 04 November 2025 | PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020| Vol 1 | Issue No.- 60| Pages 04 | ₹3.00

The Bajri Mafia: More Dangerous Than Naxalites — Rajasthan's Hidden War Zone

Hemraj Tikam chand Tiwari

By Special Feature Desk

FAIR REPORT

Jaipur: In the heart of Rajasthan, where the Aravalli hills once stood proud and sacred, a new kind of insurgency has risen — one that doesn't wave red flags or chant slogans.

It roars with engines, bribes with cash, and kills with impunity.

This is not Naxalism.

This is the Bajri Mafia — an unholy nexus of illegal sand miners, local contractors, political benefactors, and complicit officers who have turned the golden dust of Rajasthan into a battlefield deadlier than any insurgent zone.

The Blood-Stained Road of Loha Mandi

Monday's massacre on Jaipur's Loha Mandi–Harmada stretch was not a random accident. It was the inevitable outcome of a system captured by greed and negligence.

A speeding dumper, weighing over 30 tons and allegedly loaded with illegally mined bajri, lost control and ploughed through a line of vehicles waiting at a traffic signal.

Within seconds, the scene turned apocalyptic — 14 lives lost, 13 others grievously injured.

Families were torn apart; vehicles flattened like tin toys.

Among the dead were:

Rajendra Prasad Sharma (45) – a local schoolteacher returning home from evening tuition classes. Rekha Devi (38) and her two children, Aarav (7) and Khushi (5) – crushed inside their hatchback, barely 300 metres from their home.

Ramesh Kumawat (29) – a delivery driver, his bike found mangled under the dumper's tyres.

Sunita Meena (31) – a municipal employee heading to the night shift.

Vikas Pareek (22) – a college student, killed instantly while trying to pull an injured man to safety.

The injured included 13 others, admitted to Jaipur's SMS Hospital. Three remain in critical condition, suffering multiple fractures and internal injuries.

Doctors say several victims had no chance — the dumper was travelling at over 100 km/h.

The Trail of Corruption

The vehicle, sources revealed, belonged to a sand transportation network operating between Dausa and Sikar, under the patronage of politically connected contractors. Police investigations suggest the dumper was running an unauthorised night shift, carrying sand from the Banas riverbed in violation of Supreme Court orders.

It was neither licensed for the route nor inspected for roadworthiness.

"Every dumper you see on Jaipur's outskirts carries two papers — one for the police, and one for the politician," says a senior transport official on condition of anonymity. "The Loha Mandi tragedy was written long ago — we just didn't read the warning signs."

An Industry of Death

The illegal sand trade in Rajasthan is estimated at over 10,000 crore a year.

Despite periodic crackdowns, the business flourishes under political patronage and bureaucratic protection.

The mafia controls transport routes, issues fake challans, and bribes enforcement teams to look away.

Truckloads of bajri thunder down highways with forged documents and police escorts. Locals call them "raatri ke raja" — kings of the night.

And when caught, they don't flee — they ram

In the last five years alone, more than 40 government personnel and journalists have died while attempting to stop illegal mining in Rajasthan.

Their names rarely make headlines. Their killers are never convicted.

More Dangerous Than Naxalites

The Naxalites challenge the system with ideology. The Bajri Mafia corrupts it from within. It doesn't fight the government — it becomes the government.

Its money funds campaigns, its trucks build cities, and its silence buries truth. While Naxalites destroy villages, the Bajri Mafia destroys rivers, roads, and trust — leaving behind a landscape of death disguised as "development."

"This mafia is more dangerous than the Naxalites," says a retired IPS officer.

"At least the Naxals don't wear uniforms or sit in ministerial offices."

The Price of Silence

The Loha Mandi road has now become a scar on Jaipur's conscience — a reminder that when governance bends, lives break.

The victims were not caught in an accident; they were victims of an invisible war, where profit rules over life. For every Rajendra Sharma or Rekha Devi lost, there are hundreds more driving on Rajasthan's roads tonight — unaware that behind every approaching dumper may lie another death sentence.

A State Held Hostage

The government has announced 2 lakh ex-gratia to the families of the deceased and 50,000 to the injured.

But money cannot buy back trust.

Until the sand mafia is dismantled, until the rivers are freed from plunder, and until officials are protected from political pressure, the killings will continue — dressed up as "accidents." Because in Rajasthan today, the biggest threat to life isn't terrorism or ideology — it's the silence of the system and the roar of the dumper. "The Bajri Mafia has done what Naxalites never could — it has conquered the system."

All Departments Must Work Together to Ensure Adherence to Traffic Rules: CM Sharma

- 15-Day Road Safety Campaign in Rajasthan from Today

FAIR REPORT

JAIPUR: Chief Minister Bhajan Lal Sharma on Monday directed the Transport, Police, and Public Works Departments to jointly launch a 15-day statewide road safety campaign from Tuesday.

Chairing a high-level meeting on traffic and road safety at the Chief Minister's residence, CMR, Sharma instructed district collectors who have not been holding regular District Road Safety Committee meetings to provide explanations.

The meeting, which followed a fatal accident in Harmada, also saw directions to ensure strict monitoring and implementation of all measures discussed. Additional Chief Secretary (Home) has been tasked with overseeing this process.

Vital Decisions:

- CM directed Transport and Police Departments to cancel the driving licences of individuals repeatedly fined for overspeeding or caught driving under the influence of alcohol.
- Strict action against illegal dhabas and parking areas.
- Strengthening emergency medical response for road accidents.
- * Deployment of interceptors on routes with frequent traffic violations.
- * Strict enforcement in no-entry zones.

Delhi CM Rekha Gupta to Begin 3-day Bihar poll campaign from today

FAIR REPORT

New Delhi: Delhi Chief Minister Rekha Gupta reached Patna to boost the NDA's campaign for Bihar Assembly elections with her more than a dozen public meetings lined up over the next three days, a BJP leader said. The first phase of voting in Bihar is scheduled on November 6 and the second on November 11. The results will be declared on November 14.

A statement issued by the Chief Minister's Office said, "Over the next three days, the Chief Minister will campaign in support of NDA candidates across the state." "She will be accompanied by senior leaders of the Bharatiya Janata Party, leaders of allied parties, as well as party candidates and workers. In addition to public meetings, the Chief Minister will also take part in roadshows," it added.

This will be Chief Minister Gupta's third visit to Bihar for election campaigning, and it is being described as a high-intensity tour. Over three days, she will address gatherings in 12 to 15 constituencies, including areas where polling is scheduled for November 6 and November 11, it said. During the three-day campaign, the Chief Minister will hold election rallies, public meetings, and roadshows in several constituencies, including Siwan, Barharia, Baikunthpur, and nearby areas on November 4.

On November 5, her campaign will cover the Gaura Bauram, Arwal, Gaya City, and Aurangabad constituencies. On November 6, she will address rallies in Bhagalpur, Warisaliganj, Hisua, and Dinara constituencies. The Chief Minister is expected to return to New Delhi on evening of November 6.

The announcement of the Chief Minister's Bihar schedule was made on a day when BJP President J.P. Nadda chaired a meeting of party's General Secretaries in Delhi. Earlier during a campaign rally, Union Home Minister Amit Shah launched a blistering attack on Rashtriya Janata Dal (RJD) supremo Lalu Prasad Yadav and his wife Rabri Devi, blaming their 15-year rule for lawlessness that shut down Bihar's industries and sugar mills.

JNUSU elections: Polling underway, results on Nov 6

FAIR REPORT

New Delhi: Voting was in progress for the Jawaharlal Nehru University Students' Union (JNUSU) elections on Tuesday, as students eagerly participated and cast their votes.

The voting began at 9 a.m. and is scheduled to continue until 5 p.m. Counting of votes will begin at 9 p.m., and the final results are likely to be announced on November 6. The 2025-26 JNUSU elections have turned into a triangular contest among the Left Unity, Akhil Bharatiya Vidyarthi Parishad (ABVP), and the National Students' Union of India (NSUI). The Left Unity, comprising the All India Students' Association (AISA), Students' Federation of India (SFI), and Democratic Students' Federation (DSF), has fielded Aditi Mishra for the post of president.

The ABVP's presidential candidate is Vikas Patel, while NSUI's Vikash Bishnoi is also in the race. Several Independent and smaller student outfits, including the Ambedkarite group BAPSA and the Progressive Students' Association, are contesting for select posts.

CM Bhajanlal Sharma Prioritizes Public Grievances in Jan Sunwai, Directs Officials for Swift and Transparent Redressal

FAIR REPORT

Jaipur, Rajasthan Chief Minister Bhajanlal Sharma held a regular Jan Sunwai (public hearing) at the Chief Minister's residence on Sunday, reaffirming his government's commitment to citizen-centric governance and administrative accountability.

During the session, Chief Minister Sharma personally listened to the grievances of women, senior citizens, and persons with disabilities, giving them priority attention. Demonstrating prompt responsiveness, he issued on-the-spot directions to officials for the swift resolution of several petitions and ensured that many cases were satisfactorily addressed during the hearing itself.

The Chief Minister emphasized that citizens who approach Jan Sunwai carry great hope and trust in the administration's ability to deliver justice. "People come here with expectations. It is our moral duty to respond with urgency, compassion, and integrity," he stated.

He instructed officers to handle all public grievances with transparency, sensitivity, and time-bound efficiency, underscoring that effective redressal of people's problems is central to good governance. Reiterating his commitment to a responsive administration, CM Sharma urged departments to adopt a proactive approach in resolving citizen issues rather than allowing them to escalate. He also highlighted the importance of direct communication between officials and citizens to build public confidence in government functioning.

The Jan Sunwai concluded with several participants expressing gratitude for the Chief Minister's personal intervention and empathetic leadership in ensuring justice and relief for the common people.

नकली घी की दाऊजी मिल्क फैक्ट्री में छापेमारी : पाम ऑयल के ड्रम बरामद हुए, फैक्ट्री संचालक ने तूड़ी के ढेर में छिपा रखे थे

एक्शन में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, आधी रात को की छापेमारी

FAIR REPORT

जयपुर

दौसा जिले के महवा कस्बे से सटी दौसा-भरतपुर सीमा पर स्थित दाऊजी मिल्क फूट प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में रविवार देर रात 11 बजे बड़ी कार्रवाई हुई। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आधी रात को अचानक इस फैक्ट्री पर छापा मारा। मंत्री के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. सीताराम मीना और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही। छापे के दौरान मंत्री मीणा ने फैक्ट्री के भीतर चल रही पूरी प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि फैक्ट्री में नकली घी का बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा रहा था।

इस दौरान मौके से भारी मात्रा में पाम ऑयल के ड्रम बरामद हुए, जिन्हें फैक्ट्री संचालक ने तुड़ी (पराली) के ढेर में छिपा रखा था। बताया जा रहा है कि यही पाम ऑयल नकली घी तैयार करने में इस्तेमाल किया जा रहा था। मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने मीडिया से बातचीत में कहा, "यह फैक्ट्री लोगों की सेहत के साथ खुलेआम खिलवाड़ कर रही है। यहां बिहार और आगरा से दूध लाया जाता है, जिसे वहां यूरिया और अन्य केमिकल्स मिलाकर तैयार किया जाता है।

17 ब्रांडेड कंपनियों के मिले पैकेट

जांच के दौरान टीम को फैक्ट्री परिसर से 17 ब्रांडेड कंपनियों के खाली पैकेट भी मिले, जिनमें नकली घी को पैक कर प्रसिद्ध ब्रांडों के नाम से बाजार में बेचा जा रहा था। यह खुलासा होने के बाद मौके पर मौजूद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सीएमएचओ डॉ. सीताराम मीना ने बताया कि इसी फैक्ट्री पर मार्च माह में भी छापा मारा गया था और तब भी नकली घी बनाने की शिकायतें सामने आई थीं। बावजूद इसके फैक्ट्री संचालक ने दोबारा उसी गतिविधि को शुरू कर दिया, जिससे खाद्य विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। मंत्री मीणा ने सख्त लहजे में कहा कि इस मामले में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि फैक्ट्री से जुड़े सभी दस्तावेज, मशीनें, सैंपल और पाम ऑयल के ड्रम सीज किए जाएं। वहीं सीएमएचओ सीताराम मीना ने कहा कि मौके से घी, मक्खन सहित सभी खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेजे जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार फैक्ट्री के लाइसेंस की भी जांच की जाएगी।

डोटासरा का मदन राठौड़ पर तंज : अंता उपचुनाव को लेकर राजनीतिक बयान

एक आरएएस का ट्रांसफर नहीं करा पाते, बातें कर रहे हैं मंत्री बनाने की

FAIR REPORT

जयपुर

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को कोटा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ पर करारा हमला बोला। उनका कहना था कि मदन राठौड़ ने बयान दिया कि अंता से जीतने वाला कैंडिडेट मंत्री बन सकता है। यह बयान आचार संहिता का उल्लंघन है। कांग्रेस ने करणपुर में भाजपा के सुरेंद्रपाल टीटी को अग्निवीर मंत्री बना दिया था। अंता में हम भाजपा प्रत्याशी को विधायक ही नहीं बनने देंगे। मदन राठौड़ के कहने से एक आरएएस अधिकारी का ट्रांसफर तक नहीं होता और वे मंत्री बनाने की बातें कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा उपचुनाव के लिए अंता जाते रविवार रात कोटा सर्किट हाउस में ठहरे थे। सोमवार सुबह अंता रवाना होने से पहले मीडिया से बातचीत में डोटासरा ने भाजपा और प्रदेश अध्यक्ष को निशाने पर लिया। मदन राठौड़ के कांग्रेस प्रत्याशी को भ्रष्टाचारी बताने पर डोटासरा बोले, यह केवल चुनावी हथकंडा है। भाजपा के लोग दो साल से क्या भजन कर रहे है? डबल इंजन सरकार उनके खिलाफ जांच क्यों नहीं करा पाई। अगर ऐसा कुछ होता तो ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स का उपयोग कर लेते। ये पहले कहते थे कि मगरमच्छ पकड़ेंगे। अब कहां गए मगरमच्छ। खुद खा खाकर मगरमच्छ हो रहे हैं।

डोटासरा ने कहा कि भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में आपराधिक छवि के व्यक्ति को चुनाव लड़ाया। आखिर उनकी सदस्यता खारिज हो गई। निर्दलीय नरेश मीणा के समीकरण बिगाड़ने के सवाल पर डोटासरा बोले, वह दो बार पहले भी भाग्य आजमा चुके हैं। अब फिर आजमा रहे हैं। सबको इसके लिए छूट है।

'भजनलाल ने राज्य को बना दिया केंद्र शासित प्रदेश'

डोटासरा ने आरोप लगाए कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 2 साल में राजस्थान को स्वतंत्र राज्य से केंद्र शासित प्रदेश बना दिया। यहां केंद्र का शासन है। राज्य सरकार की कोई नीति और योजना नहीं है। यह पूरा बजट भी नहीं ला पा रहे हैं। केंद्र पेड़ लगाने और अन्य काम देता रहता है। ये पूरे प्रदेश में घूमते रहते हैं। राज्य में ब्यूरोक्रेसी हावी है। जनप्रतिनिधियों की चल नहीं रही। भाजपा पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव नहीं कर पा रही है। एसआईआर के जरिए वोट चोरी की साजिश रच रही है। इसी के लिए निकाय चुनाव पेंडिंग हैं, लेकिन राजस्थान में कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी।

भ्रष्टाचार का गुजरात मॉडल

राजस्थान के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार का गुजरात मॉडल लागू हो गया। वहां जितने नए प्रोजेक्ट आते हैं, उनमें नेता और अधिकारी कमीशन की जगह हिस्सा मांगते हैं। ऐसा राजस्थान में भी हो रहा है, लेकिन यहां नेता बेदम है इसलिए हिस्सेदारी नहीं मांग रहे। केवल अधिकारी ही हिस्सा ले रहे हैं। आमजन ठगा सा महसूस कर रहा है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अनूप ठाकुर, वरिष्ठ नेता नईमुद्दीन गुड्डू, यूथ कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष मोइनुद्दीन गुड्डू, जाट समाज कोटा के कोषाध्यक्ष रवि चौधरी, हरीश चौधरी व नवीन चौधरी आदि ने डोटासरा से मुलाकात की।

ब्रीफ खबरें

राजस्थान धर्मांतरण कानून के खिलाफ याचिका कर ली मंजूर

जयपुर। उच्चतम न्यायालय अवैध धर्मांतरण के खिलाफ राजस्थान में पिछले महीने लागू हुए कानून के कई प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सोमवार को सहमत हो गया। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सितंबर में विधानसभा द्वारा पारित राजस्थान गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2025 के खिलाफ याचिकाओं पर राज्य सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा। पीठ ने याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वकील से पूछा, 'आप इस अधिनियम से परेशान क्यों हैं?" पीठ ने यह भी सवाल किया कि याचिकाकर्ताओं ने इस अधिनियम को राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती क्यों नहीं दी। वकील ने कहा कि कई राज्यों के धर्मांतरण विरोधी कानूनों की वैधता को चुनौती देने वाली ऐसी याचिकाएं उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता ने याचिका का निपटारा होने तक अधिनियम के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का भी अनुरोध किया है। उन्होंने अधिनियम के तहत सजा के प्रावधानों का उल्लेख किया और कहा कि कुछ अपराधों के लिए कानून के तहत निर्धारित जुर्माना परेशान करने वाला है। दोनों याचिकाओं पर चार सप्ताह बाद सुनवाई होगी। सितंबर में, उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर कई राज्यों से उनका रुख पूछा था। राजस्थान के कानून में धोखे से सामूहिक धर्म परिवर्तन के लिए 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा और धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तन के लिए सात से 14 साल की जेल की सजा का भी इसमें प्रावधान है।

हमारे देश को धर्मशाला समझने वालों को नहीं मिलेगी सत्ता

जयपुर। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा इस देश में शासन कौन करें, यह देश का नागरिक तय करेगा। इस देश को कुछ लोगों ने धर्मशाला समझ रखा है, यहां आओ, मौज करो, कमाओ और लेकर चले जाओ। जो लोग देश को धर्मशाला समझते है, उनको सत्ता नही सौंपी जा सकती है। राठौड़ ने कहा कि ऐसे लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जाएंगे। जो इस देश में जन्मा है वो इस देश का नागरिक रहेगा। जो बाहर से आया है, उसका नाम कटेगा। एसआईआर को लेकर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम एक निरंतर प्रक्रिया है। एसआईआर पूरे देश में होगा। मदन राठौड़ सोमवार को जयपुर में आयोजित भाजपा की मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला के स्थगित होने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। बीजेपी ने सोमवार को दुर्गापुरा कृषि अनुसंधान केन्द्र में मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन किया था। लेकिन जयपुर में हुए सड़क हादसे के बाद इसे स्थगित कर दिया गया।

बिहार में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे : विजयवर्गीय

जयपुर। जयपुर शहर की भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष शकुन्तला विजयवर्गीय बिहार चुनाव प्रभारी और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल और बिहार प्रवास प्रभारी राधा भारद्वाज व सह प्रभारी पिंकी मण्डावत की अगुवाई में बिहार प्रवास पर है। इन दिनों शकुन्तला विजयवर्गीय बिहार की मुंगेर विधानसभा में बीजेपी का धुंआधार प्रचार कर रही हैं। उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें, चौपालें और महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में माहौल बनाया। अपने संबोधन में शकुन्तला विजयवर्गीय ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भाजपा सरकार ने गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के कल्याण को केंद्र में रखकर काम किया है। आज देश आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की ओर बढ़ रहा है, जिसमें महिलाओं की भूमिका अग्रणी है।" उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा सरकार ही विकास और सुशासन की असली पहचान है। मुंगेर की जनता ने हमेशा राष्ट्रवाद और विकास की राह को चुना है, और इस बार भी कमल खिलाकर बिहार को और सशक्त बनाएगी। महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष ने स्थानीय महिलाओं से मुलाकात कर उन्हें भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उज्ज्वला, जनधन, स्वावलंबन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की जानकारी दी।

भाटी ने हाईकोर्ट का खटखटाया दरवाजा, कोर्ट ने मांग लिया जवाब

FAIR REPORT

जयपुर

पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर जिले में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के फंड वितरण में अनियमितता को लेकर उठे विवाद ने तूल पकड़ लिया है। शिव विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए जिला प्रशासन को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा। यह मामला खनिज संसाधनों से जुड़े फंड के पारदर्शी वितरण और स्थानीय क्षेत्रों के हक को लेकर उठा है, जो बाड़मेर जैसे खनिज समृद्ध जिले में विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है। डीएमएफटी फंड का कथित दुरुपयोग डीएमएफटी खनन क्षेत्रों में प्रभावित गांवों के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा एकत्रित फंड का प्रबंधन करता है।

बाड़मेर जिले में खनिज उत्खनन के जारी किए गए पट्टों के कारण यह फंड करोड़ों रुपए का है, जो स्कूल, अस्पताल, सड़क और जल संरक्षण जैसे कार्यों में खर्च होता है। विधायक भाटी का दावा है कि शिव विधानसभा क्षेत्र के लिए आवंटित फंड का बड़ा हिस्सा काट लिया गया, जबकि नॉन-माइनिंग एरिया (गैर-खनन क्षेत्र) में स्वीकृतियां दी गईं।

'फलोदी हादसा सड़क पर अवैध रूप से चल रहे ढाबे के कारण'

FAIR REPORT

जयपुर

राजस्थान में लगातार हो रहे सड़क हादसों के बीच नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को चिट्ठी लिखकर गंभीर सवाल उठाए। सांसद बेनीवाल ने रविवार को फलोदी में हुए भीषण सड़क हादसे को लेकर कहा कि यह दुर्घटना भारतमाला परियोजना के तहत बनी सड़क पर अवैध रूप से चल रहे ढाबे के कारण हुई, जहां एक ट्रेलर खड़ा था और उससे तीर्थयात्रियों से भरी बस टकरा गई। इस हादसे में 15 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इधर, प्रदेश में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चिंता जताई और राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए।

नागौर हनुमान सांसद बेनीवाल ने अपने पत्र में लिखा कि भारतमाला परियोजना का मकसद देश के प्रमुख मार्गों को चौड़ा और आधुनिक बनाकर तेज, सुरक्षित और निर्बाध यातायात सुनिश्चित करना है, लेकिन जब ऐसी घटनाएं सामने आती हैं तो सरकार के दावे खोखले प्रतीत होते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध ढाबे, दुकानें और पार्किंग स्पॉट सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हैं। फिर भी हाईवे प्राधिकरण के अधिकारी इन पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

भजनलाल सरकार एक्शन में : पौने दो साल में 250 से अधिक कार्मिकों पर कार्यवाही, 596 मामले अभी पेंडिंग

भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं!

FAIR REPORT

जयपुर

भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर सत्ता में आई भाजपा सरकार भ्रष्टाचार, लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने वालों पर सख्त एक्शन दिखाने की कोशिश कर रही है। भजनलाल सरकार ने पौने दो साल में 250 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का अनुमोदन किया, जिसमें 66 अधिकारियों का निलंबित, 98 कार्मिकों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति, 6 अधिकारियों को बर्खास्त तो 9 अधिकारियों की आजीवन पेंशन रोकी गई। हालांकि, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में 596 अभियोजन स्वीकृति अलग-अलग विभागों में पेंडिंग पड़ी हैं। अभियोजन स्वीकृति की मंजूरी के बिना, इन आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार आमजन को संवेदनशील, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध दर्शाते हुए राजकीय कार्य के निष्पादन में लापरवाही, अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार के दोषी कार्मिकों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई कर रही है। राजकीय सेवाओं में अनुशासन और ईमानदारी के लिए सर्वोपरि स्थान सुनिश्चित करने के क्रम में राज्य सरकार द्वारा गत पौने दो वर्ष में कुल 210 कार्मिकों के विरुद्ध विभिन्न अनुशासनात्मक कार्रवाइयां की गई हैं। सीएम भजनलाल शर्मा का मानना है कि अधिकारी-कर्मचारी सरकार के शासन तंत्र की मुख्य धुरी हैं, जिनकी जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में अहम भूमिका होती है। ऐसे में कार्मिक पूरे समर्पण भाव एवं सत्यनिष्ठा से काम करते हुए राज्यहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, जिससे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी इन योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

98 के खिलाफ दी अभियोजन स्वीकृति

राज्य सरकार ने 20 माह के कार्यकाल में आपराधिक प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए अखिल भारतीय सेवा एवं राज्य सेवा के 66 अधिकारियों को निलंबित किया है। इसी प्रकार, आपराधिक प्रकरणों में दोष सिद्ध पाए जाने पर 6 अधिकारियों को बर्खास्त और 9 अधिकारियों के विरूद्ध आजीवन शत प्रतिशत पेंशन रोकने संबंधी कार्रवाई की है। राजकीय सेवाओं में ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा सुनिश्चित करने के क्रम में राज्य सरकार ने 20 माह के कार्यकाल में ही 98 कार्मिकों के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति प्रदान की है।

ब्रीफ खबरें

कांस्टेबल ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली, हुई मौत

बूंदी। यहां रविवार देर रात सनसनी फैल गई, जब पुलिस लाइन में तैनात एक कांस्टेबल ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज से आसपास हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। सोमवार सुबह शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। उधर एफएसएल टीम ने घटना स्थल से बारीकी से साक्ष्य जुटाए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, कोतवाली प्रभारी भंवर सिंह और आरआई बहादुर सिंह मौके पर मौजूद रहे। एएसपी उमा शर्मा ने बताया कि घटना के हर एंगल से जांच की जा रही है। किसी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। एएसपी ने बताया कि रविवार को जिलेभर में ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा के पेपरों की निगरानी के लिए मुख्य डाकघर में पुलिस जाप्ता तैनात किया। डाकघर में ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल किशन लाल, हेड कांस्टेबल यूनुस की टीम के साथ मौजूद था। एएसपी उमा शर्मा ने बताया किप्रारंभिक जांच के अनुसार, हेड कांस्टेबल यूनुस ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर किशन को संभलाकर जैकेट लेने बाहर गया। तभी अचानक अंदर से तेज धमाके की आवाज आई। पुलिसकर्मी अंदर पहुंचे तो देखा कि कांस्टेबल किशन लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा था। पास में रिवॉल्वर पड़ी थी।

उलाहना देने पर पोते ने कुल्हाडी से कर दी अपने ही दादा की हत्या

भीलवाड़ा। जिले के करेड़ा थाना क्षेत्र के चितांबा पंचायत के नागा का बाड़िया गांव में सोमवार को पोते ने अपने ही दादा की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। सूचना पर करेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। वहीं, पुलिस ने घटनास्थल से एफएसएल टीम के जरिए साक्ष्य जुटाने के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करेड़ा थाना प्रभारी पूरणमल मीणा ने कहा कि करेड़ा थाना क्षेत्र की चितांबा ग्राम पंचायत के नागा का बाड़िया गांव रहने वाले श्रवण बागरिया ने शराब पीकर पहले अपने चाचा प्रेम बागरिया के साथ मारपीट की, जिसके कारण चाचा प्रेम बागरिया घायल हो गया। श्रवण बागरिया को उसके दादा मोहन बागरिया ने कहा कि इस तरह अपने ही चाचा के साथ मारपीट नहीं करनी चाहिए। जिस पर आरोपी श्रवण ने अपने दादा मोहनलाल बागरिया पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया और मौके पर ही मौत हो गई।

प्रमोशन के लिए हेड कांस्टेबल ने लगाई दौड़, जिंदगी की जंग हारा

उदयपुर। जिले में सोमवार को एएसआई पदोन्नति दौड़ के दौरान एक हेड कांस्टेबल की मौत होने का मामला सामने आया है। दौड़ के दौरान हेड कांस्टेबल जब्बर सिंह गश खाकर गिर गए। पुलिसकर्मी उन्हें अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उदयपुर ग्रामीण एएसपी गोपाल स्वरूप मेवाड़ा ने बताया कि हेड कांस्टेबल से एएसआई प्रमोशन के लिए उदयपुर संभाग की परीक्षा हो रही है। इसमें दो किलोमीटर की दौड़ होती है। हेड कांस्टेबल जब्बर सिंह दौड़ पूरी करने के बाद जमीन पर गिर पड़े। उन्हें मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई गई। एएसपी ने बताया कि हेड कांस्टेबल को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम एवं कानूनी कार्रवाई के बाद राजकीय सम्मान के साथ उनके शव को गांव पानरवा ले जाया गया। यहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। एएसपी ने बताया कि जब्बर सिंह अपने पिता के एकलौते बेटे थे। मृतक जब्बर सिंह के बेटा-बेटी हैं। पुलिसकर्मियों ने बताया कि फतेहसागर स्थित रानी रोड पर हेड कांस्टेबल से एएसआई के प्रमोशन के लिए कंपटीशन चल रहा था। इस दौरान दौड़ते हुए हेड कांस्टेबल जब्बर सिंह अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। हेड कांस्टेबल की मौत से पुलिस महकमे मे शोक की लहर छा गई।

पुलिस ने नकबजन गिरोह 'मोग्या गैंग' के 4 जनों को किया गिरफ्तार

सवाई माधोपुर। पुलिस ने चोरी व नकबजनी गिरोह 'मोग्या गैंग' के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी सवाई माधोपुर व आसपास के इलाकों में वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने बताया कि 'मोग्या गैंग' ने पिछले कुछ समय से जिले के बौंली, सूरवाल, बहरावण्डा कला और चौथ का बरवाड़ा थाना क्षेत्रों में चोरी और नकबजनी की करीब डेढ़ दर्जन से भी अधिक वारदातों को अंजाम दिया था। जिले के विभिन्न थानों की पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। इस पर उन्होंने पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया था। टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र के सहयोग से आरोपियों की पहचान कर उनकी घेराबंदी की और गिरोह के चार आरोपियों को जाट बड़ौदा गंगापुरसिटी और बनास नदी पक्का बंधा टोंक से दबोच लिया। एसपी ने बताया कि पुलिस ने जोधाराम उर्फ चाच्या उर्फ जोधा मोग्या और रामफूल मोग्या दोनों निवासी टोंक, मुकेश उर्फ समान मोग्या और गुड्डू मोग्या दोनों निवासी दौसा को गिरफ्तार किया है।

पुष्कर मेला 2025 : तिलक, साफा और मूंछ प्रतियोगिताओं को लेकर देशी-विदेशी पर्यटकों में छाया उत्साह

राजस्थानी अंदाज में बांकुरों ने दिया मूंछों को ताव

FAIR REPORT
अजमेर

अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला-2025 में सांस्कृतिक कार्यक्रम पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सोमवार को मेला ग्राउंड पर पर्यटन विभाग की ओर से तिलक, साफा और मूंछ की प्रतियोगिताएं हुई। तिलक और साफा प्रतियोगिता में 10 विदेशी जोड़ों ने भाग लिया, जबकि मूंछ प्रतियोगिता में 33 रोबीले देशी प्रतिभागी शामिल हुए। पर्यटकों में प्रतियोगिता के दौरान फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की होड़ लगी रही। 13 बार मूंछ प्रतियोगिता जीत चुके मारवाड़ जंक्शन निवासी राम सिंह इस बार भी शामिल हुए। इस बार उन्हें विशेष प्रतिभागी के तौर पर रखा गया। निर्णायक समिति ने उन्हें अलग से एक विशेष पुरस्कार देने की घोषणा की है। रामसिंह और अन्य प्रतिभागियों ने बातचीत में कहा कि मूंछों की संस्कृति को आगे बढ़ाया जाए। उनका कहना था कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से राजस्थानी संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम हो रहा है। राजस्थान की पहचान पहले दाढ़ी-मूंछ वाले लोगों के रूप में हुआ करती थी, लेकिन पश्चिमी के असर में दाढ़ी-मूंछ रखना बंद कर दिया। सरकार भी गौरवशाली संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाना चाहती है।

गुलाबो सपेरा ने मचाया धमाल

पुष्कर मेला इस बार लोक संस्कृति और बॉलीवुड रंगों का अनोखा संगम बन गया। रविवार शाम मेले के रंगमंच पर पद्मश्री गुलाबो सपेरा ने अपनी बेटी और पौत्री के साथ कालबेलिया नृत्य की ऐसी प्रस्तुतियां दी, तो देशी-विदेशी मेहमान झूम उठे। मंच पर गुलाबो ने अपनी अदाओं और पारंपरिक नृत्य शैली से मेलार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा, "पुष्कर का मंच मेरे लिए मंदिर है और दर्शक भगवान।" सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता ने "केसरिया तेरा इश्क है पिया..." जैसे सुपरहिट गीतों से समां बांध दिया। उनके सुरों की जादूगरी पर दर्शक देर तक झूमते रहे। अमित गुप्ता ने एक के बाद एक कई हिट गाने प्रस्तुत किए, जिससे पूरा मेला स्टेडियम तालियों और रोशनी से गूंज उठा। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस विशेष संध्या को पुष्कर मेला- 2025 का मुख्य आकर्षण मानी जा रही है।

फलोदी हादसा : एक साथ जली 12 चिताएं, समाज में शोक की लहर

रुदन और घरों में चीत्कार के बीच हुआ अंतिम संस्कार

FAIR REPORT
जोधपुर

फलोदी में बस हादसे के मृतकों को सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शवों को निकालकर घर ले जाते ही नैनंची का बाग मोहल्ले में रुदन मच गया,घरों से भारी चीत्कार सुनाई दी। हादसे में मारे गए 15 में से माली समाज के 14 शव इसी मोहल्ले के थे। यहां हर किसी की आंखें नम नजर आई। घरों से अंतिम यात्रा के लिए जब अर्थियां निकली तो पुरुषों के कलेजे भी फट गए और वे रोने लगे। नैनंची बाग में एक घर में 6 शव पहुंचे तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। खुश सांखला, उसकी मां मधु सांखला, गीता, सानिया, दिशा और रामेश्वरी की अर्थियां एक साथ उठीं। शवों के साथ पुलिस और प्रशासन के अधिकारी वहां पहुंचे। इसके बाद विधि-विधान से 12 शवों का एक साथ अंतिम संस्कार हुआ।

श्मशान में सभी की आंखें हुई नम

सूरसागर के पास स्थित माली समाज के श्मशान में एक साथ अर्थियों के पहुंचने तक रास्ते में हर कोई इस हादसे से दुखी नजर आ रहा था। 12 चिताओं पर अपनी मां, पत्नी और बेटी की चिता को अग्नि देते समय परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। इससे पहले नैनंची बाग के खटुकड़ी का बास में एक घर में 6 शव पहुंचे तो परिवार वाले चीखने लगे।

मुआवजे की घोषणा के बाद बनी सहमति

भीषण सड़क दुर्घटना के शिकार 14 लोग माली समाज के थे। महात्मा गांधी अस्पताल में रात को मृतकों को 25-25 लाख का मुआवजा देने को लेकर धरना शुरू हुआ था। सुबह प्रभारी मंत्री ने मृतकों को 10-10 लाख के मुआवजा की घोषणा की। इसके बाद बाकी बचे शवों का पोस्टमार्टम हुआ। प्रधानमंत्री राहत कोष से भी 22 लाख रुपए मृतक परिवारों को मिलेंगे। मौके पर प्रभारी मंत्री मदन दिलावर भी पहुंचे। उन्होंने मृतकों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस दौरान सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश पासवान भी अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

समर्थन मूल्य को लेकर किया प्रदर्शन, शाम को बनी बात

बूंदी। धान का समर्थन मूल्य 3200 रुपए प्रति क्विंटल करने सहित अन्य मांगों को लेकर जिले की कुंवारती कृषि उपज मंडी में किसानों ने सोमवार को बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। किसानों ने मंडी के मुख्य द्वार को बंद कर नारेबाजी की और नीलामी प्रक्रिया को पूरी तरह ठप कर दिया। प्रशासन और किसानों के बीच दिन में तीन बार वार्ता के बाद शाम को सहमति बनी। मंडी सचिव क्रांति कुमार मीणा ने बताया कि धान के भाव 3200 रुपए करने सहित अन्य मांगों को लेकर किसान नेताओं के साथ दिन की दो वार्ताएं विफल रही, लेकिन शाम को तीसरे दौर की वार्ता में धान के भाव को छोड़कर अन्य सभी किसानों की मांगों पर सहमति बन गई है। जहां तक धान का भाव 3200 रुपये करने की बात है, यह हमारे स्तर का मामला नहीं है। अब मंगलवार से मंडी में फिर से कामकाज शुरू होगा।

आपसी कहासुनी के बाद दो पक्षों में पथराव-गोलीबारी, एक की हुई मौत

FAIR REPORT
कोटा

जिले के पहाड़ी थाना इलाके में आपसी कहासुनी को लेकर दो पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर फायरिंग की। घटना में गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके अलावा 6 लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज पहाड़ी अस्पताल में जारी है। पहाड़ी थाना अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि घटना बोड़ोली गांव की है। ग्यासी राम गुर्जर पक्ष और तुलसी सैनी पक्ष किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए, जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर पथराव हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि एक ग्यासी राम गुर्जर पक्ष ने तुलसी सैनी पक्ष पर फायरिंग कर दी। थानाधिकारी ने बताया कि घटना में तुलसी सैनी के बेटे चंदन सैनी को गोली लगी है। इसके अलावा पथराव और मारपीट में 6 लोग घायल हुए हैं। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। इसके बाद सभी घायलों को पहाड़ी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चंदन सैनी को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल चंदन सैनी के शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। तुलसी सैनी ने बताया कि 2 दिन पहले उनके परिवार में शादी थी, जिसमें खाने को लेकर ग्यासी गुर्जर पक्ष के एक युवक से कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद पथराव और गोलीबारी शुरू हुई।

सांसद सी.पी. जोशी के जन्मदिवस पर गांधी नगर गोशाला में सेवा कार्य

FAIR REPORT

चित्तौड़गढ़। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद माननीय सी.पी. जोशी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में "सेवा दिवस" के रूप में जिलेभर में सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गांधी नगर गोशाला परिसर में भाजपा नगर मंडल की ओर से सेवा कार्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष सागर सोनी ने की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गोशाला में मौजूद गोवंश की सेवा की और उन्हें चारा व गुड़ खिलाया। साथ ही सभी ने सेवा, समर्पण और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

अध्यक्ष सागर सोनी ने कहा कि सांसद सी.पी. जोशी का जीवन समाजसेवा और संगठन को समर्पित रहा है। उनके नेतृत्व में चित्तौड़गढ़ ने विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। ऐसे प्रेरणादायक जननेता का जन्मदिन "सेवा दिवस" के रूप में मनाना हम सबके लिए गर्व की बात है।

वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी सांसद जोशी को जनसेवा का प्रतीक बताते हुए उनके जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की। गोशाला में हुए सेवा कार्य के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रघु शर्मा, हर्षवर्धन सिंह रूद, हरीश इनानी, गोवर्धन जाट, सुशील शर्मा, गौरव त्यागी, चंद्रशेखर सोनी, शांतनु काबरा, ओमप्रकाश शर्मा, अनिल इनानी, राजन माली, इंद्रा सुखवाल, संजू लड्ढा, रवि वीरानी ,दीपक पटवारी, कमलेश अमेरिया, ओमप्रकाश योगी, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री जैन दिवाकर जन्म जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया, शोभायात्रा में उमड़े दिवाकर भक्त

FAIR REPORT

श्री जैन दिवाकर जन्म जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया — शोभायात्रा में उमड़े दिवाकर भक्त चित्तौड़गढ़। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान, चित्तौड़गढ़ की ओर से जगत वल्लभ जैन दिवाकर चौथमल म.सा. की 148वीं जन्म जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सुबह खातर महल से भव्य शोभायात्रा का आयोजन हुआ, जो सदर बाजार, गांधी चौक, सुभाष चौक होते हुए किला रोड स्थित श्री जैन दिवाकर भवन पर पहुंची। शोभायात्रा में बग्गी पर पूज्य चौथमल म.सा. का विशाल चित्र आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं श्वेत वस्त्र और चुंदड़ पहनकर शामिल हुए। सभी श्रद्धालु दिवाकर भजनों और जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। जैन दिवाकर पाठशाला के विद्यार्थी जैन ध्वज लहराते हुए आगे-आगे चल रहे थे, जबकि बैंड की मधुर धुनों पर दिवाकर स्तुति के गीत गूंजते रहे। शोभायात्रा से पहले खातर महल में नवकारसी का आयोजन हुआ।

श्री जैन दिवाकर युवक परिषद ने इस अवसर पर दुर्ग क्षेत्र में वानरों को बाटी खिलाकर जीवदया कार्यक्रम भी आयोजित किया। परिषद के अध्यक्ष अर्पित बोहरा, मंत्री कुलदीप सिरोया और पदाधिकारी उपस्थित रहे। शोभायात्रा के बाद श्री जैन दिवाकर भवन में गुणानुवाद सभा आयोजित हुई। सभा का संचालन सुधीर जैन ने किया। महिला परिषद की ओर से गीतिका प्रस्तुत की गई। धर्मसभा में धर्म मुनि म.सा. ने कहा कि पूज्य गुरुदेव चौथमल जी म.सा. गुणों की खान थे — मोक्ष प्राप्ति आदतों के परिवर्तन से संभव है, वस्त्र परिवर्तन से नहीं। चंद्रेश मुनि म.सा. ने अपने प्रवचन में कहा कि चौथमल म.सा. ने जैन धर्म के संदेशों को झोपड़ी से लेकर महलों तक पहुंचाया और संघ एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर चिराग मुनि म.सा., केशव मुनि म.सा., साध्वी रत्न श्री म.सा. व साध्वी मंडल विराजित रहे।

पारस डांगी व डांगी परिवार की ओर से स्व. मदनलाल, लाड़देवी एवं स्व. मनोहरलाल डांगी की पुण्य स्मृति में "जैन दिवाकर धार्मिक पाठशाला" की शुरुआत करने की घोषणा गई।

VISION INDIA
FAIR REPORT 04

MNIT Jaipur Powers 70% of Campus Energy Through Solar — A Bold Leap Toward a Net-Zero Future

FAIR REPORT

Jaipur : In a landmark stride toward sustainability, Malaviya National Institute of Technology (MNIT) Jaipur has achieved a major milestone — meeting nearly 70% of its total energy demand through renewable solar power. The Institute's Director, Prof. N. P. Padhy, inaugurated the expanded 2.0 MWp solar energy system at a special ceremony held on campus. The event was graced by Prof. Rohit Goyal, Dean (Planning & Development), along with deans, heads of departments, faculty, staff, and students. As part of its green transformation drive, MNIT has installed new solar panels across key locations including Prabha Bhawan parking, Electronics Department parking, and the pathway from Vinodini Hostel to Aurobindo Boys Hostel. With this latest expansion, nearly every major rooftop at MNIT now contributes to solar power generation, marking the campus as one of India's leading models of clean energy integration in higher education. "Our vision is not just technological excellence, but responsible innovation that respects our planet," said Prof. Padhy, highlighting MNIT's commitment to carbon neutrality and sustainable progress. The initiative is expected to drastically cut MNIT's carbon emissions and operational energy costs, paving the way for a net-zero campus in the coming years. The ceremony concluded with an interactive tour of the upgraded solar infrastructure, showcasing MNIT's growing role as a pioneer in renewable energy adoption and green campus innovation. MNIT's solar success story now stands as a shining example of how India's educational institutions can lead the charge toward a cleaner, energy-secure future.

Mobile thief caught from Maharashtra's Jalgaon — Chittorgarh GRP team recovers stolen phone

FAIR REPORT

Chittorgarh-: The Chittorgarh GRP (Government Railway Police) has solved a mobile theft case by arresting the accused from Jalgaon, Maharashtra. The police also recovered the stolen mobile phone. The accused had been absconding for about a month and was working at a caterer's shop in Jalgaon. GRP Station Officer Anil Dewal said that on September 17, Dheeraj (18), son of Vijay Bahadur Singh Yadav, a resident of Chandauli (Uttar Pradesh) and currently living in Neemuch, was travelling from Chittorgarh to Udaipur-Ratlam in a general coach. When the train became less crowded, he put his mobile phone on charge and went to sleep. When he woke up at Nimbahera station, his mobile phone — worth around 16,000 — was missing. Dheeraj lodged a report at the Neemuch GRP police station, from where a Zero FIR was transferred to Chittorgarh GRP for investigation. The case was handed over to Head Constable Anil Kumar. The police team examined CCTV footage from the train and railway stations, which showed a suspicious person.

tracing the mobile's location, the police identified the accused as Bhairulal (37), son of Narayan Das Vaishnav, a resident of Bhilwara district. His location was found in Jalgaon, Maharashtra, where he had been working at a caterer's shop for the past month. A GRP team from Chittorgarh immediately reached Jalgaon and arrested Bhairulal Vaishnav. During interrogation, he admitted to committing the theft. The police also recovered the stolen mobile phone from his possession. The investigation revealed that Bhairulal had previously been jailed for theft and had a case registered against him in 2023 as well. This time, too, he targeted passengers travelling in trains.

SIR of electoral rolls begins across 12 states, UTs today

New Delhi: The Election Commission of India (ECI) has launched the second phase of the Special Intensive Revision (SIR), a nationwide voters' list clean-up drive, across nine states and three Union Territories (UTs) from Tuesday.

The large-scale electoral roll revision aims to ensure greater accuracy, transparency, and legitimacy in the country's voter database ahead of upcoming elections The SIR 2.0 exercise comes just two days before the first phase of the Bihar Assembly polls, where a similar revision was recently carried out. During that exercise, over 68 lakh names were deleted from Bihar's electoral rolls after verification, as part of the Commission's effort to remove duplicate, shifted, or deceased voters. This phase of SIR will cover nearly 51 crore voters across Tamil Nadu, Kerala, West Bengal, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Rajasthan, Chhattisgarh, Goa, Gujarat, Puducherry, Andaman and Nicobar Islands, and Lakshadweep. Notably, Tamil Nadu, Kerala, West Bengal, and Puducherry are among the states scheduled to hold Assembly elections in 2026.

Under the new schedule, the enumeration process begins today and will continue till December 4, following which the draft electoral rolls will be released on December 9.

Nawab Urfi Raza Zaidi Appointed to National Freedom Fighters' Welfare Council — A Legacy of Valor and Vision Continues

FAIR REPORT

Bareilly/Sainthal, November 3: In a moment of immense pride for Uttar Pradesh and the nation, Nawab UrfiRaza Zaidi has been appointed as a member of the Akhil Bharatiya Swatantrata Senani Parivar Kalyan Parishad, a prestigious body dedicated to the welfare of families of India's freedom fighters. Hailing from the illustrious lineage of Nawab Syed Galib Ali, Zaidi's appointment is being celebrated as both a tribute to his ancestral heritage and recognition of his personal dedication to preserving India's freedom legacy. Known for his scholarly work on history and culture, Zaidi has been a vocal advocate for national integrity, interfaith harmony, and the documentation of India's revolutionary past. Leaders and citizens alike have lauded his contribution to heritage conservation and intellectual pursuits across continents. His inclusion in the council is seen as a step toward strengthening research, remembrance, and respect for those who laid the foundation of a free India.

Speaking on the occasion, Zaidi expressed deep gratitude, affirming that the honor is "not personal, but generational — a reminder that the spirit of freedom is a living responsibility." As India continues to revisit its freedom narratives, Nawab Urfy Raza Zaidi's appointment stands as an inspiring symbol of continuity — where history, intellect, and patriotism converge to light the path for future generations.

Student Electrocuted at MPPG College NSUI Blames Administration for Negligence, Chaos Erupts on Campus

Chittorgarh: Tension broke out at MPPG College on Monday after a student was electrocuted while entering his classroom. Following the incident, NSUI District President Sanjay Rao and party members accused the college administration of serious negligence in ongoing construction work and staged a strong protest. The situation turned tense as heated arguments erupted between NSUI workers and college officials.

According to NSUI District President Sanjay Rao, construction of a new building at the college was recently completed, but exposed wires and unfinished electrical work still pose a serious risk to students' safety. On Monday morning, while classes were in progress, a student got an electric shock. He was immediately rushed to the Government Sanwaria Hospital, where he received first aid.

Rao alleged that when NSUI informed the college administration about the incident, the administration tried to suppress the matter. Students who attempted to record videos of the situation had their mobile phones confiscated by the administration, but Rao intervened and got the phones returned.

During the protest, verbal clashes broke out between NSUI members and the college administration, with both sides trading accusations. NSUI alleged that poor-quality materials were used in the building's construction due to collusion between contractors and officials, which led to the accident.

NSUI has demanded that the government conduct an independent investigation into the construction work at the college and take strict action against those responsible. nsui (4)

IT hub Pune now murder hub amid rising crimes, gang wars: Uddhav Thackeray's Saamana

FAIR REPORT

Mumbai: Shiv Sena(UBT) on Tuesday slammed the BJP-led Mahayuti government and its Home Department, which is held by Chief Minister Devendra Fadnavis, for the increase in crimes and the revival of gang wars in Pune, saying that once an IT hub, it has now become a 'murder' hub. The Thackeray camp, in a scathing editorial in the party's mouthpiece 'Saamana', claimed that while the goons who escaped from the 'gang war' have sharpened their weapons, the sharp edges of the Home Department and the police have become dull.

It said that the hooliganism and the terror of the "koyata" gang in Pune, which was once known as a peaceful and civilised city, is shameful for the state's home department. Not only while driving, but even while walking, Punekars are now under terror. Even if someone accidentally gets hit, someone suddenly takes out a knife and hits him in the head. Punekars are scared about their lives amid the rising such incidents. Due to the revival of gang war, murders are being committed in Pune in broad daylight. Cultural distortions in Pune are increasing. The brutal murder of Ganesh Kale, which took place recently, has proven this, claimed the editorial. "In many parts of the Pune suburbs, gangs roam the streets dancing with a Koyata (sickle) to spread terror. Two-wheelers in the premises of societies are burnt, while one never knows when the Porsche of a rich father's pampered son will crush some rider on a two-wheeler. Atrocities against women have also started increasing in Pune. The cases of atrocities on a young woman at Swargate ST station, gang-rape at Dive Ghat, and in Kondhwa were all cases that aroused public sentiment," said the Thackeray camp.

Army Chief visits Kharga Corps, reviews drone and

New Delhi: Chief of Army Staff (COAS) General Upendra Dwivedi continues to assess the Indian Army's operational readiness across various formations. After recently visiting several border areas, the Army Chief has examined multiple aspects of preparedness, including drone warfare capabilities and innovations in training at Kharga Corps. According to the Army, General Dwivedi visited the Kharga Corps, where he conducted a detailed review of its operational preparedness. During the visit, he was briefed on initiatives aimed at strengthening combat capabilities, integrating cutting-edge technologies, enhancing inter-agency coordination, and contributing to nation-building. Modern warfare methods and techniques are evolving rapidly, moving far beyond traditional weapons such as guns and cannons. In today's conflicts, drones and artificial intelligence play a pivotal role. Additionally, robotics and data-driven warfare have redefined the operational landscape of infantry forces. A strong example of this transformation can be seen within the Kharga Corps, where drone technology has been extensively deployed to enhance tactical efficiency and surveillance capabilities.

On MP C.P. Joshi's Birthday, Service Programs to Be Held Across the District Today — BJP Dedicates the Day to Public Service

FAIR REPORT



Chittorgarh- On the occasion of the birthday of C.P. Joshi, former BJP State President and the popular Member of Parliament from Chittorgarh, the Bharatiya Janata Party (BJP), Chittorgarh, will organize a series of service-oriented programs across the district today. The party has decided to observe the day as "Seva Diwas" (Service Day), dedicated to public welfare and helping the underprivileged.

BJP District Media In-charge Manoj Pareek informed that the day's events will begin at 9:15 a.m. with the distribution of fruits to patients at Sanwariyaji Government General Hospital, Chittorgarh. Later, at 11 a.m., educational materials will be distributed to specially-abled children at Sanwariyaji Multipurpose Divyang School, Chanderiya.

At 12:30 p.m., the Sukanya Samriddhi Yojana will be launched at the District Divyang Rehabilitation Center, located in the old hospital premises near the Collectorate. Following this, at 2 p.m., essential items will be distributed to underprivileged children at Gyandeep Care Home, Madhuban.

The Seva Diwas will conclude in the evening with a Sundarkand recital and Maha Aarti at Sankat Mochan Hanuman Temple, RIICO Industrial Area, Chanderiya, starting at 6 p.m.

A large number of BJP leaders, office bearers, public representatives, party workers, and social activists will take part in these service programs and extend their good wishes for MP C.P. Joshi's long and healthy life.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005•
Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**